तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 जनवरी 2024

10 श्रीराम की आस्था में बनाई गई 701 दीपों की...

12 सभी चालक यातायात नियमों का पालन करें हेलमेट एवं...

[बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला]

खबर संक्षेप

युवा मोर्चा का नव मतदाता सम्मेलन आज

सुहेला। भारतीय जनता युवा मोर्चा सुहेला के नेतृत्व में आज नमो नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन स्थानीय तहसील प्रांगण में सुबह 11 बजे रखा गया है। इसमें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा व अन्य अतिथिगण उपस्थित होंगे। बता दें कि इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के करोड़ों युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित कर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे । उक्त जानकारी भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष करण वर्मा ने दी।

कलेक्टर की चिट्ठी के जवाब पर आबकारी विभाग में हुई 17 नियुक्तियां

मुड़पार-सरसीवां। कलेक्टर केएल चौहान के जिले में पदभार ग्रहण करने के बाद से जिला प्रशासन की कार्यशैली में परिवर्तन आ गया है। श्री चौहान ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में आबकारी के कार्यों को सुचारू संचालन के लिए आबकारी सचिव को पत्र जारी किया, जिसके फलस्वरूप वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग ने जिले में 17 अधिकारियों–कर्मचारियों की नियुक्ति की है। इन अधिकारियों–कर्मचारियों में जिला आबकारी अधिकारी सोनल नेताम, सहायक जिला आबकारी अधिकारी तिर्की, आनंद कुमार वर्मा, आबकारी उप निरीक्षक विपिन कुमार पाठक, हाबिल खलखो, आबकारी मुख्य आरक्षक हीरासाय भगत, आबकारी आरक्षक गणेश धीरज, राजेन्द्र खाण्डे, मोहन लाल चौहान, धनेश्वर राव मगर, सहायक ग्रेड–2 रामकुमार कवंर, सहायक ग्रेड–3 अशोक कुमार सहिस, भृत्य सुखराम लहरे, मनीराम महिलाने, सुदर्शन नायक, लक्ष्मण सिदार और वाहन चालक मिलन राम साहू के नाम शामिल हैं।

नाबालिग अपहृता मप्र के सिवनी में मिली आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार। आपरेशन मुस्कान अभियान के दौरान सुहेला पुलिस को नाबालिग अपहृता को बरामद करने में सफलता मिली है। अपहृता को आरोपी के कब्जे से सिवनी मध्यप्रदेश से बरामद किया गया। थाना प्रभारी सुहेला निरीक्षक अजय झा के नेतृत्व में थाना में पंजीबध्द लंबित 363 भा.द.वि. के अपहृताओं की पतासाजी की जा रही थी। नाबालिग अपहृता को आपरेशन मुस्कान अभियान के दौरान पुलिस टीम ने 23 जनवरी को आरोपी मनीष कुमरे पिता चौतु लाल कुमरे 25 वर्ष निवासी रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी थाना कोतवाली जिला सिवनी मध्यप्रदेश के कब्जे से बरामद कर में धारा 366क, 376 भा.द.वि. 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी मनीष कुमरे 24 जनवरी को गिरफ्तार किया गया।

गबन जांच अधिकारियों के पक्षपात से जनप्रतिनिधियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

ग्रामीणों की नाराजगी देख जांच पूरी किए बगैर लौटे अधिकारी

ग्राम तौलीडीह में उपसरपंच रमेश जायसवाल तथा अन्य पंचगणों द्वारा वर्तमान सरपंच राजकुमारी चौहान एवं पंचायत सचिव पर मनमानी व फर्जी तरीके से 15वें वित्त एवं अन्य मदों की राशि का आहरण कर बिना कार्य कराए गबन करने का गंभीर आरोप लगे हैं। इस शिकायत जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा बिलाईगढ़ एसडीएम से भी की गई है। इसके लिए बुधवार को नोडल अधिकारी कमलेश नारंग के नेतृत्व में तीन अधिकारी जांच करने पहुंचे थे। ग्रामीणों ने जांच अधिकारियों पर सही तरीके से जांच नहीं करने का आरोप लगाया है।

■ तौलीडीह पंचायत में सरपंच–सचिव पर विभिन्न मदों से राशि गबन करने का लगा है आरोप

पांच-सात लाख का गबन

पंचायत के उप सरपंच रमेश जायसवाल ने आरोप लगाते हुए बताया कि विभिन्न मदों से करीब 6 से 7 लख रुपए की राशि सरपंच और सचिव द्वारा गबन कर ली गई है, जिसकी जांच होना आवश्यक है, ताकि ग्राम वासियों को न्याय मिल सके, लेकिन जनपद के अधिकारियों द्वारा सही प्रकार से जांच नहीं की जा रही है। दो स्थानों में बोर मरम्मत कार्य के लिए 80 हजार रुपए निकला गया है, जबकि नया बोर खरीदने पर भी इतनी रकम नहीं लगती। इसी प्रकार मूलभूत की राशि का भी दुरुपयोग किया गया है। इन सभी आहरण किए गए राशियों का जांच करना अति आवश्यक है।

ग्रामीणों ने सही तरीके से जांच करने के लिए अधिकारियों को बोला तब अधिकारी नाराज होकर आधी अधूरी जांच कर चले गए और किसी अन्य अधिकारियों से जांच कर लेने की बात कही गई। उपसरपंच और ग्रामीणों ने बताया कि अधिकारी सिर्फ फाइल देख कर जांच करने की बात कह रहे थे। मौके पर जांच करने गए लेकिन सही तरीके से जांच नहीं की जा रही थी। वहीं कई पंचों ने आरोप लगाया है कि सरपंच का संरक्षण का अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है।

जिला खाद्य विभाग ने राशन कार्डधारियों से समयावधि में नवीनीकरण करवाने की सलाह दी

प्रचलित राशन कार्डों का नवीनीकरण आज से शुरू, 29 फरवरी तक चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन प्रदेश द्वारा प्रदेश में प्रचलित समस्त राशनकार्डों यथा अन्त्योदय राशनकार्ड, प्राथमिकता राशनकार्ड, निराश्रित राशनकार्ड, निःशक्तजन राशनकार्ड तथा सामान्य राशनकार्ड के नवीनीकरण के लिए निर्देश जारी किये गये हैं। राज्य शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में प्रचलित राशनकार्डों के नवीनीकरण की कार्यवाही 29 फरवरी तक पूर्ण किया जाना है। नवीनीकरण के लिए राशन कार्डधारियों द्वारा आवेदन करने की समय सीमा 25 जनवरी से 15 फरवरी तक निर्धारित की गई है। जिला खाद्य अधिकारी विमल दुबे से मिली जानकारी के अनुसार राशन कार्डधारियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए राशनकार्डों के समयबद्ध नवीनीकरण हेतु आवेदनों की प्राप्ति खाद्य विभाग द्वारा तैयार एप्प के जरिये की जावेगी। यह एप्प हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट से अपने मोबाइल में अथवा उचित मूल्य दुकानों के टेबलेट या दुकान संचालक के पंजीकृत एन्ड्राइड मोबाइल में डाउनलोड़ कर इसके जरिये आवेदन किया जा सकता है। राशनकार्डधारी द्वारा अपने एन्ड्राइड मोबाइल फोन में डाउनलोड करने के उपरांत इसके जरिये राशनकार्ड के प्रथम पृष्ठ में पूर्व से उपलब्ध क्यूआर कोड को स्केन कर नवीनीकरण हेतु इलेक्ट्रॉनिक आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। राशनकार्ड के क्यूआर कोड को स्कैन करते ही राशनकार्ड नम्बर, मुखिया तथा सदस्यों की जानकारी, ई–केवायसी की स्थिति प्रदर्शित हो जाएगी। राशनकार्ड के क्यूआर कोड के अपठनीय होने की स्थिति में हितग्राही द्वारा अपनी राशनकार्ड क्रमांक तथा मोबाइल नम्बर को एप्प में दर्ज किया जा सकेगा तथा दर्ज मोबाइल नम्बर एवं राशनकार्ड में ▶▶ शेष पेज 10 पर

■ मोबाइल में एप्प डाउन लोड करने से भी हो सकेगी नवीनीकरण की प्रक्रिया

राशन दुकानों में हो सकेगा नवीनीकरण

राशनकार्ड में शामिल मुखिया अथवा परिवार के किसी भी सदस्य के ई–केवायसी का कार्य पूर्ण होने की स्थिति में आवेदक एप्प में प्रदर्शित "नवीनीकरण हेतु आवेदन" के बटन को क्लिक कर आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा। उचित मूल्य दुकान संचालकों को खाद्य विभाग के मोबाइल एप्प को अपने टेबलेट या एंड्रॉयड फोन में डाउनलोड कर अपनी दुकान की आईडी को पंजीकृत करना होगा। इसके उपरांत दुकान से संलग्न सभी राशन कार्डधारियों तथा इसमें शामिल सदस्यों की जानकारी नवीनीकरण हेतु उपलब्ध हो जाएगी। उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा उसके दुकान से संलग्न राशनकार्डों का नवीनीकरण हेतु उल्लेखित प्रक्रिया का पालन कर आनलाइन तथा ऑफलाइन मोड में किया जा सकेगा। हितग्राही के राशनकार्ड में शामिल पीडीएफ में शामिल पीडीएफ में क्यूआर कोड अपठनीय होने की स्थिति में दुकान संचालक हितग्राही के राशनकार्ड क्रमांक एवं हितग्राही के विभागीय डेटाबेस में दर्ज मोबाईल को एप्प में दर्ज कर भी आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा।

मोबाइल पर अश्लील वीडियो वायर करने वाला युवक एमपी विदिशा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

नाबालिग बच्चे से संबंधित अश्लील वीडियो सोशल मीडिया फेसबुक पर वायरल करने वाला आरोपी विदिशा मध्यप्रदेश निवासी को सुहेला पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। इस दौरान आरोपी द्वारा सोशल मीडिया फेसबुक में वायरल करने में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी जब्त किया गया।

पुलिस मुख्यालय रायपुर से प्राप्त सायबर टीप लाइन शिकायत में थाना सुहेला के धारक द्वारा नाबालिग बच्चों से संबंधित अश्लील वीडियो को इंटरनेट से अपने मोबाइल के माध्यम से डाऊनलोड कर उक्त अश्लील पोर्न वीडियो को फेसबुक में वायरल करने पर कार्रवाई के लिए आवेनद पत्र मिला। पत्र के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार भाटपारा दीपक कुमार झा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं एसडीओपी बलौदाबाजार निधि नाग के मार्गदर्शन में आरोपी मोबाइल नंबर धारक के विरुद्ध थाना सुहेला में धारा 67, 67(ठ) आईटी एक्ट एवं 14 पॉक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर वायरल करने वाले आरोपी मोबाइल धारक का सायबर सेल से जानकारी प्राप्त की गई। आरोपी मोबाइल नम्बर धारक का घटना दिनांक के बाद का लोकेशन लगातार विदिशा मध्यप्रदेश मिलने आरोपी पतासाजी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर विदिशा मध्यप्रदेश जाकर मोबाइल नंबर धारक आरोपी जितेंद्र अहिरवार पिता अमान सिंह अहिरवार 34 वर्ष निवासी अहमदपुर रोड इंद्रप्रस्थ कालोनी विदिशा मध्यप्रदेश को पता तलाश कर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर सोशल मीडिया में अपलोड करने में प्रयुक्त मोबाईल को जब्त कर आरोपी को 24 जनवरी को गिरफ्तार किया गया।

प्रकरण के आरोपी को विदिशा मध्यप्रदेश से पतासाजी कर गिरफ्तार कर मामले में सफलता प्राप्त करने थाना सुहेला से प्रभारी निरीक्षक अजय झा, पुरेन्द्र साहू, शांतनु डहरिया एवं थाना हथबन्द से प्रशांतधर दीवान एवं धर्मेंद्र यादव की सराहनीय भूमिका रही।

आज मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

मुड़पार-सरसीवां। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर केएल चौहान के नेतृत्व में 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सारंगढ़ में 25 जनवरी को सुबह 10 बजे किया जाएगा। सारंगढ़ के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारुल श्रीवास्तव इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हैं। जिले के सभी मतदान केंद्र में नये मतदाताओं को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई जाएगी। वोटर लिस्ट में नाम दर्ज होने के साथ ही लोकतंत्र में उन्हें सक्रिय रूप से भाग लेने की पात्रता अब है। इसे गंभीरता से लेते हुए बेहतर समाज के निर्माण हेतु मतदान प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। युवा मतदाताओं को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखने, देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, मतदान करने की शपथ दिलायी जाएगी। साथ ही धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया जाएगा। कार्यक्रम में इसके साथ ही स्वीप कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

आयुष्मान कार्ड बनाने लोगों में जागा उत्साह

बलौदाबाजार। ग्राम पनगांव में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा दो दिवसीय आयुष्मान कार्ड महाअभियान विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। बुधवार को सुबह से आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए ग्राम पंचायत भवन, उपस्वाथ्य आयुष्मान आरोग्य केन्द्र में भीड़ उमड़ पड़ी। जिले में चल रहे विशेष शिविर अभियान का जायजा लेने कलेक्टर चंदन कुमार, पुलिस अधिक्षक दीपक कुमार झा एवं एसडीएम रोमा श्रीवास्तव आधा से अधिक स्थलों का निरीक्षण कर लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किए। गौरतलब हो कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जिले के सभी लोगों के लिए 5 लाख तक मुक्त इलाज कराने के उद्देश्य से दो दिवसीय महाअभियान शिविर का आयोजन रखा गया, जिसमें जिले के अधीक से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया, ताकि निःशुल्क सुविधा का लाभ मिल सके। शिविर का आयोजन जिले के सभी ग्राम पंचायतों में किया गया।

कलेक्टर और एसपी ने आयुष्मान कार्ड महाभियान शिविर का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिले में 23 जनवरी से शुरू आयुष्मान कार्ड महाअभियान का कलेक्टर चंदन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एंड्रॉइड मोबाइलधारी युवाओं को स्वतः एप्प के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनने के तरीके बताते हुए प्रेरित किया।

■ मोबाइल एप्प से आयुष्मान कार्ड बनाने युवाओं को किया प्रेरित

कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने नगर पंचायत पलारी के वार्ड क्रमांक 3, 9 और 18 वार्ड के उचित मूल्य दुकानों में लगे आयुष्मन कार्ड शिविर का निरीक्षण कर प्रगति के बारे जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेरा, केसला, अछोली, दतान एवं बिनोरी का दौरा कर आयुष्मान कार्ड महाभियान का जायजा लिए। कलेक्टर श्री कुमार ने ग्राम पंचायत अछोली में स्वयं पांच आयुष्मान कार्डों को मौके पर आयुष्मान एप्प के माध्यम से बनाया। उन्होंने उपस्थित हितग्रहियों को आयुष्मान कार्ड से होने वाले फायदे के बारे में बताया और सभी को आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की।

ज्ञातव्य है कि जिले में शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 23 व 24 जनवरी को आयुष्मान कार्ड महाअभियान चलाकर सभी उचित मूल्य की दुकानों में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बीपील परिवर 5 लाख तक तथ एपीएल परिवार को 50 हजार तक मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जाती है।

अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर शहर में हुआ राम भजन

राम हमारे लिए आस्था के प्रतीक हैं : माहेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने अपने भाटापारा निवास में राम भजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतीश अग्रवाल, बसंत भृगु, आलोक मिश्रा, अमर मांडवी, राजकुमार शर्मा सहित आम नागरिक उत्साह और आस्था के साथ शामिल हुए।

श्री माहेश्वरी ने कहा कि राम हमारे लिए आस्था का प्रतीक है। हम सभी चाहते हैं कि हमारा जीवन, हमारे आसपास की प्रकृति, हमारे आसपास का वातावरण राम राज्य के समान हो। जहां नारी का सम्मान हो, आम जनता को प्रश्न करने का अधिकार हो, लोगों को न्याय मिल सके, राजा ऐसा हो की प्राण जाए पर वचन न जाए से संकल्पित हो। श्री माहेश्वरी ने कहा की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का प्रथम प्रयास रहा जिसके तहत न केवल मंदिर का दरवाजा खुला बल्कि रामलाल की पूजा आरती प्रारंभ हुई। कांग्रेस ने सदैव न्यायालय के आदेशों का सम्मान किया और सदैव कांग्रेस ने राम मंदिर के संबंध में यही कहा की जो कोर्ट का आदेश होगा वह मान्य होगा। एक हिंदू होने के नाते मैं सुप्रीम कोर्ट का आभार मानता हूं, जिसने हिंदुओं के स्वाभिमान की रक्षा करते हुए उनके गौरव और सम्मान को अयोध्या में वापस दिलाया। हम भारत के संविधान का सम्मान करते हुए सभी से अपेक्षा करते हैं कि राष्ट्र के निर्माण में सभी जाति धर्म के लोग एकता और सदभावना के साथ रहे। अपने धर्म को मानते हुए दूसरे के धर्म के प्रति सम्मान का भाव रखें। यदि कोई नफरत का बीज भी बोने की कोशिश करे तो, मोहब्बत की दुकान खोलने का प्रयास करें। भजन कार्यक्रम की प्रस्तुति श्रीराम संदेश मानस मंडली देवरी ललित साहू और भाटापारा के आयुष तिवारी ने प्रस्तुति की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नानू सोनी, धनजी जोशी, प्रशांत गांधी, दीपक निर्मलकर, अयूब खान, राजेंद्र वर्मा, रवि ध्रुव, राजकुमार घृतलाहरे, मनहरण वर्मा, चंद्रकुमार साहू, बृजमोहन वर्मा, विनोद सोनवानी, सतीस गेंदरे, भूपेंद्र जांगड़े, संतराम यदु, शनि साहू, मनोज चेलक, मनहरन साहू, नंद साहू, धीराजी, कुमारी जांगड़े, हेमिन ध्रुव, निर्मला कोशाले, सीमा रात्रे, ज्योति रात्रे आदि उपस्थित थे।

शिविर में 112 आयुष्मान कार्ड बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित दुबे के निर्देशानुसार एवं एडीशनल सीईओ गेंड्रे के मार्गदर्शन में 23 एवं 24 जनवरी को ग्राम पंचायत औरेठी में आयुष्मान कार्ड महाभियान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 112 हितग्रहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। वहीं शिविर में सीईओ अमित दुबे ने स्वयं उपस्थित हो कर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आयुष्मान कार्ड महाभियान में सेल्समेन सुभाष यादव, रोजगार सहायक द्रोण वर्मा, महिला समूह की सक्रिय महिला खोमिन साहू, प्रतिभा साहू, सरपंच तेजराम वर्मा का भरपुर सहयोग मिला।

■ ग्राम पंचायत औरेठी में आयुष्मान कार्ड महाभियान शिविर का आयोजन

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

खबर संक्षेप

नगर में योग प्रशिक्षण शिविर 1 फरवरी से

महासमुंद। योग प्रशिक्षण शिविर (33वां वर्ष) दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल, शिवानंद मातृशक्ति समिति द्वारा 1 से 11 फरवरी 2024 तक आयोजित है। शिविर शिवानंद कुटीर योगाश्रम डोंगरगढ़ के संचालक व योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन कचहरी चौक महासमुंद में होगा। इस 11 दिवसीय योग शिविर में योगाभ्यासी प्रशिक्षणार्थियों को आसन, प्राणायाम, ध्यान, योग निद्रा व षटकर्म की क्रिया, दीर्घशंख प्रज्ञालन एवं जलनेती, कुंजल की क्रियाएं कराया जाएगा। आग्रह है कि योग शिविर में शामिल होकर पंजीयन करा लें, वे ही दीर्घशंख प्रक्षालन के पात्र होंगे। विदित हो कि दीर्घशंख प्रक्षालन की क्रिया महत्वपूर्ण है, जो स्वामी के निर्देशन में किया जाता है, जो संपूर्ण शरीर के शुद्धिकरण का अभ्यास है। योगाभ्यास का समय पुरुष वर्ग/महिला वर्ग संयुक्त समय प्रातः 5.30 बजे से 7 बजे एवं सायं 7.00 से 8.30 बजे, महिला वर्ग व बच्चों का दोपहर 4.00 बजे से 5 बजे तक रहेगा। प्रतिदिन रोगोपचार के लिए प्रातः 7 से 8 तक समय निर्धारित किया गया है, जिसमें स्वामी द्वारा रोग उपचार के लिए आसन बताएंगे। आयोजकों ने नगर व ग्रामवासियों से योग शिविर में शामिल हो लाभ उठाने का आग्रह किया है।

उत्कल गाड़ा समाज की बैठक हुई

महासमुंद। उत्कल गाड़ा समाज नगर इकाई की बैठक शंकराचार्य भवन में हुई। जिसमें समाज के पदाधिकारियों के निर्वाचन के संबंध में चर्चा हुई। साथ ही गांडा समाज के लोगों को एकत्रित कर समाज को मजबूत बनाने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर पार्षद व सभापति बबलू हरपाल, पार्षद राजेश नेताम, पूर्व पार्षद सोनाधर सोनवानी, दीपक नायक, सूरज नायक, सुरेंद्र महानन्द, जगन्नाथ छुरा, बबलू महानन्द, राजेश्वर राय, सुदर्शन कुमार, विक्की महानन्द, दारा सिंह छत्रि, दशरथ महानन्द, आशीष सिक्का, राहुल कुमार तरुण कुमार, परश हरपाल, राजेश नायक, कन्हैया नायक, कान्हा प्रधान, बिहारी बघेल, रिंकू महानन्द, राजेश आदि मौजूद रहे।

रोज हो रही बारिश, धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग

महासमुंद। जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष सचिन गायकवाड़ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए धान खरीदी की तिथि आगे बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एक नवंबर से प्रारंभ होने के बावजूद 3 दिसंबर विधानसभा चुनाव के मतगणना तक सुस्तगति से जारी रही। जिसके कारण किसानों के मध्य प्रति एकड़ 21 क्विंटल व 3100 रुपए धान क्रय करने को लेकर संशय था। वहीं भाजपा सरकार के सतारूढ़ होने के बाद विक्रय भी बढ़ा।

वार्षिकोत्सव में सुआ, पंथी और कर्मा नृत्य की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच सीता संतराम टंडन, शाला विकास समिति के अध्यक्ष गोपी गिलहरे, पंच संतोषी वर्मा, संकुल समन्वयक देवेंद्र सिंह ठाकुर, हाई स्कूल पचरी के प्राचार्य प्रकाश गिलहरे एवं महिला समूह से हीरा वर्मा उपस्थित रहे। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें सुआ, पंथी नृत्य, कर्मा, देशभक्ति, जंवारा विसर्जन आदि की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं शिक्षाओं का योगदान रहा। प्राथमिक विभाग से प्रधान पाठक मीना गायकवाड, शिक्षक दीपक कुमार वर्मा, गजेंद्र कुमार देवांगन, कुंती वर्मा, दिव्या गुलाब लकड़ा एवं पूर्व माध्यमिक विभाग से प्रधान पाठक ईश्वरी पांडे, हीरा कोसरिया, वीणा ध्रुव एवं जुलुप साहू उपस्थित थे। मंच संचालन विष्णु प्रसाद देवांगन ने किया।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर लगा विधिक शिविर

पलारी। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल पलारी में 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विधिक साक्षरता दिवस शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता डॉ. चांदनी चंद्राकर वर्मा रहीं। शिविर के माध्यम से उन्होंने बेटियां है वरदान विषय पर उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे हैं। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से लेकर वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू तक महिलाओं की उपलब्धियां को बताया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान, नाबालिग छात्र-छात्राओं को मिले उनके अधिकार, पोस्को एक्ट, गुड टच बेड टच इत्यादि विषय पर जानकारी दी। साथ ही साथ बच्चों को उनके कैरियर संबंधित स्वालों के जवाब दिए। शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित थे।

स्वास्तिक व जय श्रीराम अंकित कर दरबार में सामूहिक आरती की

श्रीराम की आस्था में बनाई गई 701 दीपों की श्रृंखला, मनी दिवाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

भाजपा विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, हिन्दू महासभा एवं धार्मिक अनुसांगिक संगठनों के निरंतर भगीरथ प्रयास, सनातन के संघर्षशील त्यागी, बलिदानी संतों के बलिदान, श्रीराम चरण अनुरागी अनुयायी भक्तों की अटूट आस्था एवं अटल विश्वास के सदपरिणामस्वरूप 500 वर्षों से भी अधिक संघर्षपूर्ण प्रतीक्षा के पश्चात श्रीराम के पुनः प्रतिस्थापन एवं विश्वप्रसिद्ध भव्य श्रीराम मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को आजादी के 18 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पावन धरा बंगोली में अभूतपूर्व प्राणप्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। प्रातः 7.30 बजे ग्राम के वरिष्ठजनों ने वैदिक रीति से ईश वंदना व आराध्य श्रीरामचंद्रजी की पूजा अर्चना की। श्रीराम कृष्ण मानस परिवार, नवोदय दुर्गोत्सव समिति, नवजागृति दुर्गोत्सव समिति व बाल बजरंग सेवा समिति, जय महामाया दुर्गोत्सव समिति, आदर्श नवयुवक दुर्गोत्सव समिति, जागृति महिला मानस मंडली, आदर्श महिला मानस मंडली, युवा क्रांति क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रामधुनी व पटाखों की गूंज के साथ कलश यात्रा के माध्यम से ग्राम के समस्त देवी देवताओं का आवाहन कर आमंत्रित किया गया। श्रीराम स्तुति, आरती सहित राम आगमन से सम्बद्ध भजनों पर ग्राम की महिलाओं ने भावविभोर होकर झूमकर नृत्य करते हुए अपनी खुशी का इजहार किया। वहीं युवाओं ने जोशीले अंदाज में बाइक रैली के माध्यम से जय जय श्रीराम के नारों से बस्ती में सनातन का संदेश प्रसारित किया । आयोजन स्थल बाजार चौक के ग्राम पंचायत रंगमंच पर समितियों द्वारा प्रस्तुत श्रीराम के चरित्र पर आधारित संगीतमय स्तुति, भजन, जसगीतों व सत्य सनातन धर्म एवं संस्कृति की जयकारे से भगवा ध्वज, पुष्प लड़ियों, धूप, अगरबत्ती से सुवासित व जगमगाते दीपों से सुसज्जित श्रीराम दरबार गूंज उठा। पूरे दिन माता कौशल्या रसोई में बनती स्वादिष्ट खिचड़ी व बूंदी का प्रसाद वितरण किया गया। सांध्य बेला में आयोजन समिति के अपील पर हर द्वार पर दीप जलाए गए। 701 दीपों की श्रृंखला से स्वास्तिक व जय श्रीराम अंकित कर दरबार में भव्य सामूहिक श्रीराम आरती की गई। इस अवसर पर श्रीराम मंदिर निर्माण के प्रणेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्र सरकार की संकल्पशीलता की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए मंदिर निर्माण हेतु बलिदानियों, संघर्षशील साधु संतों, संघर्षरत धार्मिक, आध्यात्मिक संगठनों की संघर्षपूर्ण यात्रा की जानकारी देते हुए वन्दन समर्पित करते हुए कृतज्ञता प्रकट की गई। ग्रामवासियों ने अपने भाग्य को सराहते हुए श्रीराम लला दर्शन का संकल्प लिया।

श्रीरामलला मंदिर स्थापना दिवस पर शिवसैनिकों ने जलाए दीप

पलारी। ब्लॉक में शिवसैनिको ने अयोध्या में श्रीरामलला मंदिर स्थापना दिवस ग्राम दतान के हनुमान मंदिर में दीप जलाकर भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना की एवं छत्तीसगढ़ के विकास की कामना की। इस दौरान सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। इसमें मुख्य रूप से शिवसेना जिला उपाध्यक्ष डॉ. एवन टंडन, कसडोल विधानसभा अध्यक्ष सुरज घृतलहरे, लवन ब्लॉक उपाध्यक्ष रामनाथ बंजारे, कसडोल नगर अध्यक्ष पुरन साहू, उपाध्यक्ष विकास पलारी ब्लॉक उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सोनवानी आदि शिवसैनिक उपस्थित थे। उक्त बैठक कि जानकारी जिला मीडिया प्रभारी निलेश मानिकपुरी ने दी।

संकुल केंद्र पचरी में हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

तिल्दा-नेवरा अंतर्गत संकुल केंद्र पचरी में संकुल समन्वयक कांत कुमार कन्नौजे के नेतृत्व में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपनी क्षमता को पहचाने, शाला प्रबंधन समिति में कैसे लोगों को चुने, शाला प्रबंधन विकास समिति की संरचना, शाला प्रबंधन विकास समिति की जवाबदेहियां, शाला प्रबंधन समिति की बैठकों का आयोजन, बैठक हेतु सुझावात्मक एजेंडा शाला का स्वॉट विश्लेषण, शाला में संसाधन सुविधा हेतु भूमिका, शाला में बेहतर सिखने सिखाने हेतु भूमिका, शाला में संचालित विभिन्न योजनाएं एवं उनके मूल उद्देश्य, शाला प्रबंधन समिति को कुछ हटकर काम करने के क्षेत्र, चित्र पर चर्चा, बड़ी कक्षाओं के बच्चों से मूलभूत साक्षरता एवं गणित कौशल विकास में समर्थन एवं हमारे स्कूल की समीक्षा आदि बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में शिक्षक युगल किशोर वर्मा, युधिष्ठिर बुडेक, रोशन कुमार साहू, योगेंद्र देवांगन, परस देवांगन, देव प्रसाद ध्रुव, हेमलाल नेताम, जितेंद्र नेताम, प्रदीप कुमार खूंटे, संजय सायतोड़े, हरीश प्रसाद साहू, एसके देवांगन के अलावा शाला प्रबंधन समिति नहरडीह के अध्यक्ष हरीलाल साहू, पूर्व माध्यमिक शाला पचरी के सदस्य रोमनाथ वर्मा एवं प्राथमिक शाला पचरी के अध्यक्ष रामू ध्रुव उपस्थित थे। उक्त जानकारी संकुल के मीडिया प्रभारी धीरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा दी गई।

तहसीलदार ने 55 किसानों को भू अर्जन की राशि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

कलेक्टर बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा लगातार किसानों से भू अर्जन मामलों में समीक्षा एवं निगरानी के पश्चात जल संसाधन विभाग हेतु भूमि क्रय करने बाबत तहसीलदार सिमगा अनिरूद् मिश्रा को अधिकृत किया गया है।

इसके तहत जिला के तहसील सिमगा अंतर्गत भाटापारा शाखा नहर प्रणाली, जल संसाधन विभाग हेतु विगत दो महीनों में 55 किसानों की भूमि को आपसी सहमति के तहत अर्जन कर राशि प्रदाय की गयी। इनमें ग्राम चौरेंगा, दुलदुला, कामता, लांजा, बांसनकारा, मांढ़र शामिल हैं।

अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे भटगांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर भटगांव मंडल में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कडेय का आगमन हुआ, जहां प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कडेय का भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। वहीं नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई की गई और लोगों से भी अपने गली मोहल्लों व सार्वजनिक स्थानों में जाकर सफाई करने का अपील की। उक्त कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष भटगांव झाडू चन्द्रा, मनोहर सरजाल, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संजीव साहू, महामंत्री श्याम लाल साहू, देवेन्द्र खुंटे, बलीराम सांडे, शिव भारती, गौरी सोनवानी, हेतराम भारती, संजय सोनवानी, सावित्री अजगल्ले, सरिता भारती के साथ भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कांग्रेस भवन में मनी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर के कांग्रेस भवन में नेताजी सुभाष चन्द्र बोष की जयंती मनाई गई। साथ ही भाटापारा के पूर्व विधायक स्व. राधेश्याम शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर उनका पुण्य स्मरण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व विधयाक राधेश्याम शर्मा के यादगार लम्हो को याद किया गया। उनकी दबंगई और कार्यकर्ताओं के प्रति उनका सम्मान आज भी सभी को स्मरण है। साथ ही सिविल अस्पताल में फल वितरण भी किया गया। खीर-पूड़ी का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक मिश्रा, पूर्व जनपद अध्यक्ष अमित शर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष डॉ. बसन्त भृगु, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, पूर्व पार्षद नानू सोनी, वरिष्ठ नेता राधेश्याम शर्मा(फग्गा), अशोक तिवाड़ी, महामंत्री प्रशान्त गांधी, संजय शर्मा, लोकेश मंगलानी, उत्तम साहू, ईश्वर सेन, आकाश दुबे सहित कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

पेज 9 का शेष...

प्रचलित राशन कार्डों ...

पूर्व से दर्ज मोबाइल नम्बर समान होने की स्थिति में नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा। **परिवार के एक सदस्य के आधार का ई-केवायसी और मोबाइल नंबर सीडिंग होना अनिवार्य-** किन्तु ऐसी स्थिति में हितग्राही से राशनकार्ड के नवीनीकरण हेतु संचालक खाद्य द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र की लिखित प्रति दुकान संचालक द्वारा प्राप्त की जाएगी तथा प्राप्त लिखित आवेदन नवीनीकरण की आगामी कार्रवाई के लिए संबंधित ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय में जमा की जावेगी। एप्प के माध्यम से राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए राशनकार्ड में न्यूनतम एक सदस्य के आधार का ई-केवायसी और मोबाइल नंबर सीडिंग होना आवश्यक है। खाद्य अधिकारी द्वारा राशन कार्डधारियों से अपील की गई है कि वे अपने राशनकार्ड में ई-केवाईसी तथा मोबाइल नंबर सिंडिग का कार्य कराते हुए उपरोक्त प्रक्रिया अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण कार्यवाही स्वयं एप्प के माधयम से अथवा उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर समय सीमा में पूर्ण करवा सकते हैं।

कॉलेज में प्राणी शास्त्र परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नाताकोत्तर महाविद्यालय में प्राणी शास्त्र विभाग में 23 जनवरी को परिषद गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती की दीप प्रज्वलन एवं पूजा अर्चना के साथ किया गया। स्वागत उद्बोधन के लिए प्राणी शास्त्र विभागाध्यक्ष सहायक प्राध्यापक प्रियंका सोनवानी ने मंचस्थ सदस्यों का स्वागत करते हुए समस्त नवीन पदाधिकारियों का नाम बताया, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए चितरंजन डड़सेना (एमएससी चतुर्थ सेम), उपाध्यक्ष आशीष सिन्हा (एमएससी द्वितीय), सचिव रोशनी (एमएससी चतुर्थ), सहसचिव विजय शास्त्री (एमएससी द्वितीय) का मनोनयन प्रवीण्य सूची के आधार पर किया गया। साथ ही परिषद के अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का गठन किया गया।

सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ पूर्व छात्र परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर तेंदूकोना में पूर्व छात्र-छात्राओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय से पढ़कर निकले हुए समाज जीवन के अनेक क्षेत्रों में कार्यरत भैया बहन सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशीष अग्रवाल थे। अध्यक्षता मुकेश बैरागी ने की। विशेष अतिथि के रूप में प्रकाश साहू, ब्रह्मदेव ध्रुव आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रिंकू बैरागी ने भारत माता के तैल्य चित्र में दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरस्वती वंदना के पश्चात विद्यालय के बहनों ने स्वागत गीत पर नृत्य कर पूर्व छात्रों का स्वागत किया। तत्पश्चात पूर्व छात्रों का परिचय और अनुभव कथन मेरा विद्यालय मेरा तीर्थ पर सबने अपना विचार व्यक्त किया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता रिंकू बैरागी ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन गाथा पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन रिचा यादव ने किया। कार्यक्रम में पूर्व छात्र परिषद का भी गठन किया गया। जिसमें सर्व सहमति से रिंकू बैरागी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष इंदू साहू, लोमस साहू, सचिव मो मुजाहिद रजा, सहसचिव चंद्रकला साहू, कोषाध्यक्ष कृष कुमार साहू को बनाया गया। कार्यक्रम में आलोक यादव, देवेंद्र बैरागी, नेहरू साहू, सुनील बैरागी, सत्यम अग्रवाल, जसराज पटेल, नुमेश साहू, शैलेश दीवान, रुद्र प्रताप, नीरज साहू, वेदप्रकाश दीवान, टुकेश ठाकुर, नीरज बरिहा, जीतेश साहू, सक्षम साहू, नंदिनी बैरागी, विदिता बैरागी, संध्या राजपूत, यामिनी साहू, भावना साहू, भारती साहू, यामिनी साहू, नेहा साहू, दिव्या भारती, इंद्राणी, देवयानी ठाकुर, जान्हवी साहू आदि मौजूद रहे। प्राचार्या दशरी साहू ने पूर्व छात्रों का आभार व्यक्त किया।

झेरिया यादव समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन 28 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज रायपुर महानगर इकाई एवं जिला तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम राजधानी में 28 जनवरी को होगा।

समाज के प्रदेश सचिव एवं रायपुर महानगर अध्यक्ष सुंदरलाल यादव ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन राजधानी रायपुर के महादेव घाट रायपुरा स्थित प्रदेश कार्यालय एवं सामाजिक भवन में किया जाएगा। उन्होंने कहा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विवाह में बढ़ते खर्च से समाज के लोगों को मुक्ति दिलाना एवं रश्तिों की खोज में लगने वाले समय व धन की बचत करना है। इसीलिए युवक-युवती परिचय सम्मेलन व आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। विवाह के लिए अब तक 11 जोड़ों का पंजीयन हुआ है। कार्यक्रम में प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मेलन तथा मेधावी छात्र-छात्राओं और सामाजिक विभूतियों का सम्मान भी किया जाएगा। इस दौरान 11 जोड़ों का निःशुल्क आदर्श विवाह भी कराया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। इसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव, अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष सुन्दर लाल यादव करेंगे। कार्यक्रम में महिला शाखा प्रदेश अध्यक्ष आशा संतोष यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव, कोषाध्यक्ष जीआर यादव, संयुक्त सचिव मनोज यादव, प्रबंधकारिणी सदस्य डीआर यादव एवं रंजीत यादव, संरक्षक जगतराम यादव, सुकालुराम, दशरथ लाल यादव सहित प्रदेश एवं जिलास्तर तथा रायपुर महानगर इकाई के पदाधिकारी विशेष रूप से शामिल होंगे।

आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार एम.ए. फुड प्रोडक्ट्स द्वारा पार्टनर श्री जयेश सचदेव आत्मज श्री अजय सचदेव निवासी रूपरेला गली रमण मंदिर वार्ड रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. पिन नं. 492001 के द्वारा ग्राम चंदेरी प.ह.नं. 12 राजस्व निरिक्षक मंण्डल सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार- भाटापारा छ.ग. की निम्न भू-स्वामीयो से उनकी हक स्वामित्व व अधिपत्य की भूमि क्रय कर पंजीकृत विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाने वाला है

1. भू-स्वामी - भागीरथी पिता श्री जग्गु साहू निवासी चंदेरी तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार- भाटापारा छ.ग. पिन नं. 493101 खसरा नं. 461/2 रकबा 0.080 हे.
2. भू- स्वामी मलेश पिता श्री ईतवारी साहू निवासी चंदेरी तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार- भाटापारा छ.ग. पिन नं. 493101 की भूमि खसरा नं. 498/1 रकबा 0.120 हे.

अतः किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय, अर्धशासकीय, शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वत्व एवं अधिपत्य के संबंध में कोई भी दावा या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित . या मोबाईल नं. 9301307152, 8770903083 पर सूचना देकर आपत्ति सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करे सात दिवस के पश्चात की गई कोई भी दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नही होगा तथा अवैध व शुन्य माना जावेगा।

सो सूचना जाने
दिनाकः 17.01.2024
स्थानः सिमगा

सूरज कुमार गुप्ता, अधिवक्ता
सिविल कोर्ट सिमगा
मोबा. 9301307152

Contact : 9424227761, 9691018833, 9935001770, 9893131147

खबर संक्षेप

जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष से की मुलाकात

महासमुंद। जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर अनिल शर्मा के लगातार 9वीं बार जीत पर युवा अधिवक्ताओं ने उनसे मुलाकात की तथा पुनः बहुमत के साथ विजयी होने तथा जिला अधिवक्ता संघ का अध्यक्ष बनने पर हर्ष जताया। इस दौरान अधिवक्ता अमित यादव, अखिलेश साहू आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया

महासमुंद। ग्राम खरोरा में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं की पूजा अर्चना की गई। जिसमें संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, मितानिन हीराबाई चंद्राकर, मितानिन मनु चंद्राकर, कलिन्दरी कनौजे, जोगेश्वरी सोनवानी, धनबाई सोनवानी, मनीषा चंद्राकर, त्रिवेणी चंद्राकर,मनु चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

दीप प्रज्ज्वलन के साथ जमकर आतिशबाजी

महासमुंद। यति यतन बस्ती में 22 जनवरी को अयोध्या स्थित रामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रौढ़ स्वयंसेवक कुंदन थानेकार के नेतृत्व में आयोजन किया गया। दिन में पूजा अर्चना और सुंदरकांड के बाद प्रसाद वितरण किया गया। संध्या को रामलला की आरती और प्रसाद वितरण के बाद पूरे सड़क पर दीप प्रज्वलित कर जमकर आतिशबाजी की गई।

बिरकोनी में मेला आज सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

महासमुंद। दान का पर्व पौष पूर्णिमा छेरछेरा के अवसर पर 25 जनवरी को जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर ग्राम बिरकोनी स्थित चंडी मंदिर परिसर में मेला भरेगा। जानकारी देते हुए मां चंडी विकास समिति के अध्यक्ष दिनेश्वर चंद्राकर, उमेश चंद्राकर ने बताया कि वार्षिक समारोह के रूप में प्रतिवर्ष छेरछेरा पुन्नी को यह आयोजन मां चंडी के दरबार में किया जाता है। उन्होंने बताया कि सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक मां चंडी की पूजा, आरती व दर्शन होगा। पश्चात परिसर में निर्मित सांस्कृतिक रंगमंच में रात्रि 10:30 बजे से कन्हारपुरी राजनांदगांव के कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम धरोहर की प्रस्तुति दी जाएगी।

बेमचा में राम-सीता शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण की झांकी निकाली

महासमुंद। अयोध्या स्थित राम लला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर ग्राम बेमचा के गोवर्धन पहाड़ के नीचे उत्सव मनाया गया। प्रारंभ में राम भगवान की आरती, दीप प्रज्ज्वलन द्वारिका चंद्राकर ने किया गया। गांव के अलग अलग मोहल्ले से राम, सीता, लक्ष्मण की झांकी निकाली गई। शिव पार्वती, राधा कृष्ण एवम बजरंग बली की झांकी निकालते हुए कार्यक्रम स्थल पर नाचते गाते स्वागत किया गया। साथ ही गांव के सभी गीत संगीतकारों द्वारा भक्तिमय गीत संगीत की प्रस्तुत हुई। 3 से 7 बजे गांव के सभी समाजजनों द्वारा भंडारे की व्यवस्था की गई थी। साथ में रामायण के आदर्श को भगत गुरुजी द्वारा क्रमशः दिया गया, जो 7 बजे तक चलता रहा। सभी पुरुष वर्ग, महिला, बालक, बालिका एवं भक्तगण संगीत में नाचते रहे। शाम को दीपोत्सव एवं आतिशबाजी की गई।

अभियान: 34वां यातायात राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह रैली में वाहन चालकों को किया गया जागरूक

सभी चालक यातायात नियमों का पालन करें हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाकर गाड़ी चलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में 24 जनवरी को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की नेहरू युवा केंद्र संगठन रायपुर, बलोदाबाजर जिला परिवहन कार्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं 7 एनसीसी बटालियन के संयुक्त तत्वावधान द्वारा 34 वां यातायात राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर रैली का आयोजन किया गया।

15 जनवरी से 15 फरवरी के मध्य आयोजित इस कार्यक्रम में यातायात प्रभारी नरेश कुमार कांगे, एएसआई दीवान, प्रधान आरक्षक युगल वर्मा, यातायात प्रभारी डीएसपी अमृत कुजूर, प्रोफेसर डॉ. एके उपाध्याय, मोहन लाल वर्मा, डॉ. अजय अधोलिया, कार्यालय से सहयोग नरेश, नरोत्तम, पीलाराम, लीलाधर, पंकज, नीलू, शामिल थे।

सर्वप्रथम महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण से गार्डन चौक, बस स्टैंड, से नगर पालिका, जिला बलौदा बाजार कलेक्टरेट मार्ग होते हुए तक सड़क सुरक्षा नारा एवं रैली के माध्यम से शहर वासियों में जागरूकता अभियान फैलाया गया। बलौदा बाजार सड़क परिवहन विभाग के नरेश कुमार कांगे द्वारा सभी लोगों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाकर गाड़ी चलाने आदि विषयों पर लोगो को प्रेरित किए। यह कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र रायपुर के नोडल अधिकारी अर्पित तिवारी एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ए आर सी जेम्स के मार्गदर्शन में संचालित हुआ। कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी नरेन्द्र देव मिर्झा एवं एनसीसी अधिकारी एफ. मिंज द्वारा किया गया।

सीमेंट संयंत्र ने मनाया सड़क सुरक्षा सप्ताह और वाहन चालकों को बताये नियम

हिरमी-रावन। अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट संयंत्र में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान करना तथा नियमों के पालन के साथ सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। संयंत्र की लॉजिस्टिक विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के आयोजन किए गए, जिसमें निकट ग्राम के समुदाय स्कूली बच्चों को व्यापक तौर पर सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी तथा नियमों के परिपालन हेतु विभिन्न प्रकार के सुझाव प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदान किया। इसके साथ ग्राम हिरमी में जागरूकता रैली तथा ट्रक यार्ड में ट्रक ड्राइवर के लिए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई तथा अपील की गई की सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन किया जाए। युवाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता हेतु दोस्ताना क्रिकेट मैच का आयोजन भी ग्राम हिरमी में किया गया, जिसमें ग्राम हिरमी के युवा खिलाड़ियों एवं लॉजिस्टिक टीम के मध्य मैच खेला गया तथा मैच के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश जन–जन को दिया गया। इसके साथ ही भाग लेने वाले प्रतिभागियों को शर्ट तथा टोपी प्रदान कर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया। बताया गया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन स्वयं तथा राहगीरों को दुर्घटना से बचने के लिए आवश्यक है। सड़क सुरक्षा अभियान में प्रमुख रूप से लॉजिस्टिक विभाग के विजय सैंदानी, अमिताभ सिंह तथा प्रशासनिक विभाग से रंजीत नैनवाल एवं सुरक्षा विभाग के नरेंद्र पाल सिंह एवं बिसन सोनवानी का विशेष योगदान रहा।

बंगोली और मुरा के स्कूलों में छात्रों की हुई सिकलसेल जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

अस्तित्व महिला साक्षरता एवं सशक्तिकरण संस्थान ने बंगोली एवं मुरा गांव के शासकीय माध्यमिक एवं हाई स्कूल में सिकल सेल का जागरूकता अभियान चलाया। इसमें रोग, कारण, लक्षण, जांच और उपलब्ध उपचारों के बारे में चर्चा की गई। छात्रों और समुदाय के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र में, स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सिकल सेल रोग के आनुवंशिक पहलुओं और स्क्रीनिंग के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने रोकथाम और प्रबंधन रणनीतियों पर भी चर्चा की। ग्रामीण समुदाय के दिलों में सिकल सेल जागरूकता का महत्वपूर्ण संदेश पहुंचाने के लिए एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया, जिसने मनोरंजन और शिक्षा के मिश्रण से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बीमारी के प्रभाव पर प्रकाश डाला और आकर्षक और प्रासंगिक तरीके से सिकल सेल जागरूकता और जांच का संदेश दिया। जागरूकता, शीघ्र पहचान और सक्रिय स्वास्थ्य प्रबंधन को बढ़ावा देते हुए स्वास्थ्य संवाद सफलतापूर्वक ग्रामीण समुदाय के एक महत्वपूर्ण हिस्से तक पहुंच गया। अभियान ने समुदाय के भीतर सशक्तिकरण की भावना को बढ़ावा दिया, जिससे व्यक्तियों को अपने स्वास्थ्य और कल्याण की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। समुदाय–संचालित स्वास्थ्य देखभाल अभियान चलाने के लिए अनुपम दीवान, वीवाई अस्पताल, रायपुर के डॉ. शिवम कुमार शर्मा और साक्षी नायक, रवीना कंडरा, चंचल धीवर, निहारिका मारखंडे, समीक्षा नायक और नंदिनी वर्मा की नुक्कड़ नाटक टीम को धन्यवाद दिया।

कलशयात्रा के साथ श्रीमद भागवत महापुराण कथा प्रारंभ

गिधौरी। ग्राम गिधौरी में साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा का आयोजन 24 जनवरी से लेकर एक फरवरी तक रखा गया है। वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्याम लाल साहू की वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर 24 जनवरी को धूमधाम से कलश यात्रा के साथ शोभायात्रा गांव-गली मोहल्लों से भ्रमण कर चित्रेत्पला त्रिवेणी संगम महानदी से जलभर भजन कीर्तन के साथ शोभायात्रा कथा स्थल पहुंचे। जहां 24 जनवरी को कलश यात्रा, गौरी गणेश पूजन, भागवत महात्मय, 25 जनवरी को महाभारत कथा, भगवान के अवतार की कथा, 26 जनवरी को मनु, शत्रुपा कथा, वराह अवतार कथा, 27 जनवरी को इंद्र बृहस्पति कथा, 28 जनवरी को रामायण खंड कृष्ण अवतार, 29 जनवरी रुखमणी विवाह, 30 जनवरी को सुदामा चरित्र, 31जनवरी को परिक्षित मोक्ष चढोत्री, 1 फरवरी को तुलसी वर्षा, हवन सहत्रधारा और समापन होगा तथा श्रीमद भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के कथा वाचक पंडित आनंद दुबे नगर पंचायत टुण्डरा है। कलश यात्रा में ग्राम के महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

कलेक्टर के नेतृत्व में गणतंत्र कार्यक्रमों का किया पूर्वाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

कलेक्टर केएल चौहान के नेतृत्व में जिला स्तरीय दल ने गणतंत्र दिवस आयोजन के लिए सारंगढ़ के खेलभांठा में पूर्वाभ्यास किया। पूर्वाभ्यास के दौरान मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार बतौर मुख्य अतिथि का मंच पर आगमन, परेड निरीक्षण, ध्वजारोहण का अभ्यास, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, प्लाटूनों द्वारा मार्च पास्ट, हर्ष फायर, प्लाटून कमांडरों से परिचय, खुले आसमान में रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़ने, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी प्रदर्शन, पुरस्कार वितरण, फोटो सेशन सहित संपूर्ण आयोजन का पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर एसपी आशुतोष सिंह, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एएसपी निवोदिता पॉल, संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा, प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, डिप्टी कलेक्टर बी एक्का, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, खनिज अधिकारी एचडी भारद्वाज, सहायक आयुक्त ट्राइबल आशीष बनर्जी, डीएसपी मनीष कुंवर, एसडीओ पीडब्ल्यूडी विग्नेश कुमार, सीएमओ सारंगढ़ राजेश पांडेय, उद्घोषक प्रियंका गोस्वामी, तोषी गुप्ता, अधिकारी कर्मचारी सहित पुलिसकर्मी, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट और स्कूली बच्चों के दल ने अपने अपने कर्तव्य का पूर्वाभ्यास किया।

शिव सैनिकों ने राम जानकी मंदिर में दीप जलाए और रामधुनि के साथ महाआरती किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

केसदा के राम जानकी मंदिर प्रांगण में शिवसेना ब्लाक अध्यक्ष योगेश्वर दास वैष्णव के सानिध्य में अयोध्या में प्रभुराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर दीप जलाकर महाआरती किए।

तत्पश्चात रामायण मंडलियों द्वारा संगीतमय राम चरित मानसगान का आयोजन कर भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया। गांव में डीजे की धुन पर झांकी निकाली गई। इस धार्मिक कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद निषाद, ब्लाक अध्यक्ष योगेश्वर वैष्णव, भाटापारा सुरेंद्र यदु, तिल्दा सचिव गोपी नेताम, हथबंद दिलीप चतुरे, उपसरपंच श्याम कुमार कश्यप, ज्ञानसिंह सागरवंशी, नरेंद्र नेताम, रुपनारायण वैष्णव युगल किशोर वर्मा एवं भारी संख्या में रामभक्त उपस्थित थे।

रामनाम की धुन गूंजा गोपालपुर सहित आसपास के गांव में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा पर गोपालपुर में डीजे एवं अतिशबाजी के साथ नगर में शोभा यात्रा निकाल कर हर गली में भ्रमण किया गया। प्रत्येक घर के दरवाजे पर कलश एवं रंगोली से सजायी गई। शोभा यात्रा में महिला, पुरुष, बच्चे बुढ़े सभी शामिल हुए। ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानो अयोध्या धाम यही आ गया है। गांव, गली में गेरवा रंग दिखाई दे रहा था और जय श्रीराम का नाम गूंज रहा था। हालांकि में रोड मेवा गमन में कुछ अड़चनें आई और चार पहिया एवं दो पहिया वाहन के रफ्तार में कमी हो गई थी। गांव के रामलीला मंडली में रामायण का आयोजन किया गया, जिसमें श्रोता समाज ने कथा श्रवण किया। इस एतिहासिक दिन में दरसराम टण्डन एवं पूर्व सरपंच ने रामायण समिति को तुलसी दासकृत रामायण अर्पित किया। अपने उद्बोधन में कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। उन्होंने भगवार श्रीराम के बताए मार्ग पर चलने की अपील की। हमें जीवन में भाई-भाई, पति-पत्नी, छोटे-बड़े इन सभी को किस तरह निभाना है उस सब की प्रेरणा दी। इस शुभ अवसर पर गोपालपुर के गुरु घासीदास बाबा परीसर, बाजार स्थल, बस स्टैंड, हैण्ड पम्प एवं तालाब पार की सफाई करने एवं करवाने में श्रीराम नाथ साहू की अहम भूमिका रही। क्षेत्र के खम्हरिया एवं धौराभाठा में शोभा यात्रा निकाली गई थी और रात्रि में रामायण का आयोजन भी किया गया था।

श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर अमेरा में निकाली गई शोभायात्रा

अमेरा। अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर अमेरा में शोभा यात्र निकाली गई। जगह–जगह भगवा ध्वज आतिशबाजी से पूरा गांव भगवामय दिखाई पड़ा। रामभक्तों द्वारा रामलला के मंदिर में विराजमान होने की खुशी में पंडाल लगाकर भंडारा का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। शाम होते ही हर घर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर अमेरा के छात्रों द्वारा विद्यालय से गायत्री मंदिर तक राम दरबार के तैल चित्र और राम के जयकारों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। गायत्री मंदिर परिवार द्वारा गायत्री मंदिर परिसर में रामदरबार के तैल चित्र की विधि विधान से पूजा अर्चना व आरती की गई। इस अवसर पर अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का जीवंत प्रसारण एल ईडी टीवी स्क्रीन पर देखा गया। इस अवसर पर डा. अजय राव, टुकेश्वर यादव, महेंद्र साहू, दिलिप साहू, मोतिलाल पटेल, रामेश्वरी पटेल, रामकुमारी पटेल, सुकृता पटेल, रेखा साहू, धनेश्वरी पटेल, पुष्पा, खिलेश्वरी, भानी, बलदाऊ पटेल, चोवाराम पटेल सहित गांव वाले शामिल हुए। गायत्री मंदिर द्वारा खिर पुड़ी प्रसाद वितरण किया गया।

साप्ताहिक, मासिक व परीक्षा परिणाम विश्लेषण में किए बेहतर कार्य

उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक प्रमाण पत्र से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक के मार्गदर्शन में विकासखंड तिल्दा में सभी प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक शालाओं में ओपन लिंक्स फाउंडेशन की मदद से आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक शालाओं में उत्कृष्ट योजना तहत कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के साप्ताहिक, मासिक आदि परीक्षा परिणाम का विश्लेषण, प्राथमिक स्तर पर किया गया।

आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति माह उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को चिन्हाकित कर प्रमाण पत्र व शैक्षिक सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान करके पुरस्कृत करते हैं।

इसी क्रम में 24 जनवरी को दिसम्बर में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को भरत देवांगन शा. हायर सेकण्ड्री स्कूल खरोरा के प्राचार्य रजनी मिंज, संकुल समन्वयक देवेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा संतोष कुमार देवांगन– प्रा. शा. केशला, रेखा देवांगन– प्रा. शा. केशला, मोहित राम साहू –प्रा. शा. खरोरा, ठाकुर राम देवांगन –प्रा. शा. बुडेरा, जेसमी जोस –शा. हायर सेकंडरी स्कूल खरोरा आदि सभी शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया। इस पुरस्कार कार्यक्रम के दौरान विनोबा टीम रायपुर से हेमन्त साहू विनोबा जिला प्रभारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्राचार्य रजनी मिंज एवं संकुल समन्वयक देवेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा उद्बोधन में सभी शिक्षकों को विनोबा एप्प में मांगी गयी सभी जानकारियों को समय पर प्रदान करने व उत्कृष्ट परिणाम को ओर बेहतर करने हेतु प्रेरित किया।

विदित हो कि इसी क्रम में शासन योजना अंतर्गत विषय व पाठ्यक्रम के साथ साथ, विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रम व गतिविधियां शालाओं में शिक्षकों द्वारा सम्पन्न की जाती है। इन्ही सभी प्रकार के गतिविधियों को शाला के शिक्षक समय अनुसार विनोबा एप्प में सुनहरा शनिवार, बोलेगा बचपन, स्पोकन इंग्लिश व अन्य क्लब एक्टिविटी में पोस्ट करते हैं, जिसे शाला, संकुल, विकासखंड के साथ-साथ जिले के सभी शिक्षक स्वयं देख पाते हैं तथा शाला में हुए नवाचार संबंधित गतिविधियों पर अपनी समझ बना पाते हैं।